सप्तदश बिहार विधान सभा

प्रथम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक- 23 नवम्बर, 2020 ई० ।

मा० अस्थायी अध्यक्ष, श्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अप० तक

[1] महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेशों का पढ़ा जाना :-

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नांकित संदेशों को पढ़कर सुनाया :-

(i) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, बिहार विधान सभा के सदस्य श्री जीतन राम मांझी को दिनांक-23.11.2020 से 24.11.2020 तक के लिए, जब तक अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो जाता है, अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के निमित्त नियुक्त करता हूँ ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-17 नवम्बर, 2020 राज्यपाल, बिहार ।"

(ii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के सदस्य, जीतन राम मांझी को, वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिनके समक्ष, बिहार विधान सभा के प्रत्येक सदस्य, ऐसे सदस्यों को छोड़कर, जिन्होंने मेरे समक्ष शपथ या प्रतिज्ञान कर लिया हो, बिहार विधान सभा में अपनी जगह लेने के पहले दिनांक-23.11.2020 से 24.11.2020 तक शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-17 नवम्बर, 2020 राज्यपाल, बिहार ।"

(iii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिनके समक्ष विधान सभा के ऐसे सदस्य, जिन्होंने शपथ या प्रतिज्ञान नहीं किया हो, अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-17 नवम्बर, 2020 राज्यपाल, बिहार ।"

[2] मा० अस्थायी अध्यक्ष का स्वागत घोषणा :-

यथा संलग्न ।

[3] माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण :-

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ / प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें कुल 93 (तिरानवे) माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से शपथ / प्रतिज्ञान किया । तदुपरान्त सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

02.00 बजे अप० से 03.15 बजे अप० तक

(मा० अस्थायी अध्यक्ष महोदय श्री जीतन राम मांझी ने आसन ग्रहण किया)

[4] माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण :-

भोजनावकाश के बाद कुल 97 (संतानवे) माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से शपथ / प्रतिज्ञान किया ।

आज दिनांक-23.11.2020 को कुल 190 (एक सौ नब्बे) माननीय सदस्यों ने शपथ / प्रतिज्ञान किया ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-24.11.2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.11.2020

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।